# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 12.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा विभिन्न चोरियों का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों ( पति- पत्नी ) को किया गया गिरफ्तार साथ ही एक बाल अपचारी को भी लिया गया संरक्षण में ।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के लगभग 20 लाख रुपए के आभूषण व 54.1 हजार रुपए नकद बरामद । अभियुक्तों द्वारा रेकी कर सुनियोजित तरीके से चोरी की घटनाओं को दिया जाता था अंजाम ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री सौरभ सिंह के नेतृत्व में दिनांक 11/12.09.2026 की रात्रि को थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी करने वाले दो अभियुक्तों ( पति-पत्नी ) को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही एक बाल अपचारी को भी चोरी के माल के साथ संरक्षण में लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना तिंदवारी क्षेत्र के रहने वाले चार लोगों 1-गुजरतिया, 2- शिवप्रसाद 3-जगप्रसाद व 4-दुर्गेश द्वारा अपने-अपने घरों में हुई चोरी के संबंध मे थाना तिंदवारी पर सूचना दी गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना तिंदवारी पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हमीद व अभियुक्ता नर्गिस को ग्राम पपरेन्दा रोड पर पीएचसी तिंदवारी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही घटना में शामिल 01 बाल अपचारी को भी संरक्षण में लिया गया है । सभी के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी के आभूषण (अनुमानित कीमत 20 लाख रुपए) व नकद रुपए बरामदगी की गई है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि हम सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य है तथा घूम-घूम कर लोगों के घरों की रेकी करते है, जिन घरों में कोई नही होता है वहां का दरवाजा/खिड़की तोडकर बच्चे को घर के अंदर चोरी करने के लिए भेजते है तथा हम पति-पत्नी घर के बाहर निगरानी करते है। पुलिस द्वारा इस संबंध में और गहनता के जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और कितने स्थानों पर इस तरह की चोरियों की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। साथ ही इनके अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**बरामदगी-**

- 02 गले के हार (पीली धातु)
- 02 गले की चेन (पीली धातु)
- 01 जोड़ी लटकन (पीली धातु)
- 01 जोड़ी झुमका (पीली धातु)
- 01 कान के कुण्डल (पीली धातु)
- 02 कान की बाली (पीली धातु)
- 01 कमरबन्द (सफेद धातु)

- 05 जोड़ी पायल (सफेद धातु)
- 04 सिक्के (सफेद धातु)
- 09 बिछिया (सफेद धातु)
- 06 कंगन (सफेद धातु)
- 54 हजार100 नकद रुपए (चोरी के)

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. हमीद पुत्र वहीद निवासी मु0 भगवती नगर कस्बा व थाना तिंदवारी जनपद बांदा।
2. नर्गिस पत्नी हमीद निवासी मु0 भगवती नगर कस्बा व थाना तिंदवारी जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 03/26 धारा 305(a)/317(4)/95 बीएनएस थाना तिंदवारी जनपद बांदा।
- मु0अ0सं0- 173/26 धारा 333/305(a) /317(4)/95 बीएनएस थाना तिंदवारी जनपद बांदा।
- मु0अ0सं0- 193/26 धारा 331(4)/305(a)/ 317(4)/95 बीएनएस थाना तिंदवारी जनपद बांदा।
- मु0अ0सं0- 184/26 धारा 333/305(a)/ 317(4)/95 बीएनएस थाना तिंदवारी जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. श्री संदीप पटेल थानाध्यक्ष तिंदवारी
2. उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह
3. उ0नि0 श्री सुभाष चन्द्र वर्मा
4. कां0 महेन्द्र प्रताप सिंह
5. कां0 अमन मिश्रा
6. कां0 अनूप कुमार
7. कां0 सत्यम उपाध्याय
8. म0कां0 कल्पना राजपूत
9. म0कां0 दीक्षा